# सीबीएसइ बोर्ड के मेधावियों को किया सम्मानित



**कोलकाता.** बीडीएम इंटरनेशनल ने शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर सत्र 2025-26 की सीबीएसइ बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया. स्कूल टॉपर्स, स्ट्रीम टॉपर्स, पूर्ण अंक प्राप्त करने वाले व 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों को मेंडल, ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किये गये. समारोह में विधायक देबाशीष धर, सेवानिवृत्त आइपीएस जगमोहन और कलकत्ता विश्वविद्यालय की प्रो डॉ गीतांजलि सुंदरम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं. कक्षा 10 के राष्ट्रीय टॉपर जयशीर्ष बसु (500 में 500 अंक) और कक्षा 12 की स्कूल टॉपर शीतल प्रिया (98.4%) विशेष आकर्षण रहे. जयशीर्ष बसु को 51 हजार रुपये नकद पुरस्कार व दो वर्षों की 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की गयी. स्कूल के सीइओ एसएल गुप्ता और प्राचार्या मधुमिता सेनगुप्ता ने सभी मेधावियों को बधाई दी.